आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 09.03.2026 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री - वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार 'सबका साथ सबका विकास - जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि देश निवारक और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और कई जिलों में सैकड़ों नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिर के माध्यम से पूरे देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, वहीं योग और आयुर्वेद की भारतीय परंपराएं विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। देखभाल अर्थव्यवस्था के उदय पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देखभाल करने वालों की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर गर्व व्यक्त किया।

निःशुल्क प्रवेश

शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आगामी 13 मार्च से शुरू होने जा रही है। अभिभावक 28 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे, जिसके बाद 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। सरकार के इस कदम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ने का अवसर मिलेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 19 मार्च को प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' का राज्य स्तरीय शुभारंभ करेंगे। विक्रम संवत प्रतिपदा के अवसर पर शुरू होने वाला यह महाअभियान प्रदेश की नदियों, जल संरचनाओं और प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण पर केंद्रित होगा।

कुनो नेशनल पार्क

कुनो नेशनल पार्क से वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक और उत्साहजनक खबर सामने आई है। प्रोजेक्ट चीता के तहत नामीबिया से लाई गई मादा चीता 'ज्वाला' ने 5 शावकों को जन्म दिया है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस खुशखबरी को साझा करते हुए इसे वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि बताया है। भारत में चीतों की कुल संख्या अब अर्द्धशतक के आंकड़े को पार कर 53 तक पहुँच गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सफलता भारत के चीता पुनर्स्थापना प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

संसद- बधाई

संसद ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने टीम इंडिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस जीत ने पूरे देश को गौरव और जश्न का अवसर दिया है। उन्होंने खिलाड़ियों के अनुकरणीय कौशल और टीम वर्क की सराहना की। वहीं, राज्यसभा में सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने टीम को बधाई देते हुए रेखांकित किया कि भारत ने अपना तीसरा टी-20 विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है।

लोकसभा - सत्र स्थगित

लोकसभा की कार्यवाही पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर स्वतः संज्ञान लेते हुए बयान दिया।

उनका बयान शुरू होते ही कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और अन्य दलों के विपक्षी सदस्य तख्तियां लेकर सदन के बीचोबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने उनसे सदन में तख्तियां न दिखाने का अनुरोध किया।

मौसम

प्रदेश में मार्च की शुरुआत के साथ ही ग्रीष्म ऋतु ने अपने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आ रही शुष्क और गर्म हवाओं के कारण मालवा-निमाड़ अंचल में तपन बढ़ गई है। बीते कल रविवार को रतलाम 39 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, वहीं उज्जैन, ग्वालियर और नर्मदापुरम में भी पारा 36 डिग्री के पार पहुँच गया है। हालांकि, आज से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिससे मौसम के मिजाज में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- **शिवपुरी जिले में** भावांतर योजना अंतर्गत सरसों फसल का पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। जिले में 36 पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जहां 20 मार्च 2026 तक पंजीयन किया जा सकेगा।
- सतना जिले के: चित्रकूट- में उच्च शिक्षा मंत्री ने इंदर सिंह परमार ने आज आरोग्यधाम घाट में मन्दाकिनी नदी में साफ- सफाई की।
- कटनी में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता कराए जाने हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं परियोजनाओं की सतत निगरानी और निरीक्षण किए जाने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए हैं।